वार्षिक आकलन मार्च - 2024

कक्षा - दूसरी

विषय - हिंदी

दिनांक__________ **कुल अंक: 57**

निर्देश: (1) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न संख्या 1-6(मौखिक भाषा विकास तथा पठन) शिक्षक द्वारा बच्चे से मौखिक रूप से पूछने हैं।

(3) श्रुतलेख शब्द (लेखन प्रश्न पत्र के लिए) इस पत्र के अंत में दिए गए है ।

शिक्षक के लिए

प्रश्न 1: भाग-अ: शिक्षक बच्चों को कहानी पढ़कर सुनाएँ और सुनी गई कहानी को बच्चे अपने शब्दों में (मौखिक रूप से) सुनाएँगें । (क्रमबद्ध सुनाने के 5 अंक) **अंक-5**

चीकू और मीकू दो गिलहरियाँ थीं। वे दोनों एक ही पेड़ पर रहती थीं। चीकू, मीकू का सारा खाना खा जाती थी। मीकू इस बात से बहुत परेशान थी। चीकू खाना खा-खाकर बहुत मोटी हो गई थी। एक दिन चीकू चूहे के बिल में खाना ढूँढ़ने गई और फँस गई। उसने निकलने की कोशिश की पर निकल नहीं पाई। मीकू ने उसके पैर पकड़े और खींचकर बाहर निकाला। तब से चीकू अपने हिस्से का ही खाना खाती है।

प्रश्न 1: भाग-ब: बच्चों को सुनी गई कहानी में से प्रश्नों के जबाव मौखिक रूप से देने हैं ।

(प्रत्येक प्रश्न 2 अंक) **अंक-8**

1. मीकू किस बात से परेशान थी ?
2. मीकू ने चीकू के पैर पकड़कर क्यों खींचे ?
3. चीकू, चूहे के बिल में क्यों फँस गई थी ?
4. अब चीकू अपने हिस्से का ही खाना खाने लगी, क्यों ?

Specimen- only for practice

प्रश्न 2: बच्चों को कविता सुनाएँ और दिए गए शब्दों के लिंग, वचन, विलोम (मौखिक) पूछें| **अंक-10**

बिल्ली बोली म्याऊँ, मुझको हुआ जुकाम।

चूहे चाचा चूरन दे दो, जल्दी हो आराम ।

चूहा बोला, बतलाता हूँ, एक दवा बेजोड़ ।

आगे से तुम चूहे खाना, बिलकुल दोगी छोड़ ।

लिंग परिवर्तन - 1. चाचा 2. चूहा 3. आदमी (प्रत्येक के लिए 1 अंक) अंक-3

वचन बदले - 1. बिल्ली 2. चूहे 3. दवा (प्रत्येक के लिए 1 अंक) अंक-3

विलोम शब्द - 1. जल्दी 2. छोड़ना 3. आगे 4. बीमार (प्रत्येक के लिए 1 अंक) अंक-4

प्रश्न 3: चित्रों को देखकर उनके नाम शिक्षक को हिंदी में बताएं | (प्रत्येक सही नाम के लिए 1 अंक) **अंक-5**

प्रश्न 4: बच्चे चित्र-कथा को देखकर चित्रों के क्रमानुसार कहानी सुनाएँ | **अंक-10**

(क्रम, हाव-भाव एवं नयी शब्दावली उपयोग के साथ सुनाने पर 10 अंक)

specimen-only for practice

प्रश्न 5: बच्चे अपने बारें में पांच बातें/वाक्य बताएं | (प्रत्येक बात/वाक्य के लिए 1 अंक) **अंक-5**

प्रश्न 6: बच्चे को एक-एक करके दिए गए शब्द पढ़ने के लिए कहें| (प्रत्येक सही शब्द के लिए 1 अंक) **अंक-14**

कौनसी	रोजाना	घमंड	आँख	पैसा	दिल्ली	पेंसिल
प्रत्येक	रत्न	क्रम	नमस्ते	निर्मल	शिक्षक	भैंस

प्रश्न 7: शिक्षक श्रुतलेख के निम्न 8 शब्द बच्चों से विद्यार्थी प्रश्न पत्र में करवाएं |

(प्रत्येक सही शब्द के लिए 1 अंक) **अंक-8**

लौट, बोझ, पैदल, किवाड़, सहेली, अचानक, ठंडा, पीपल

प्रश्न जांचने के लिए मापदंड:

प्रश्न 8: बच्चे चित्र (महक-3 पृष्ठ:37) देखें और उस पर 5 वाक्य लिखें | **अंक-5**

(प्रत्येक सही वाक्य के लिए 1 अंक)

specimen- only for practice

वार्षिक आकलन मार्च - 2024

कक्षा - दूसरी

विषय - हिंदी

विद्यार्थी का नाम________________________ अनुक्रमांक __________

दिनांक__________ कुल अंक: 23

निर्देश: (1) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न संख्या 7-9 के जवाब बच्चे को प्रश्न-पत्र में ही देने हैं |

विदियार्थी के लिए

प्रश्न 7: श्रुतलेख (8 शब्द) | **अंक-8**

_ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _

_ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _

_ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _

_ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _

specimen- only for practice

प्रश्न 8: बच्चे चित्र (महक-3 पृष्ठ:37) देखें और उस पर 5 वाक्य लिखें | अंक-5

1. --

2. --

3. --

4. --

5. --

Specimen- only for practice

प्रश्न 9: कहानी पढ़कर समझे और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखें|(प्रत्येक सही जवाब के लिए 2 अंक) **अंक-10**

एक गाँव में एक किसान रहता था। किसान के पास खेती करने के लिए बहुत ज़मीन नहीं थी। थोड़ी सी खेती में ही वह अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। किसान के दो बच्चे थे। किसान चाहता था कि दोनों बच्चे पढ़-लिख जाएँ। वह दोनों बच्चों की पढ़ाई में मदद करता था। बच्चे भी बहुत समझदार थे। जरुरत पड़ने पर वे खेती में पिताजी की मदद करते थे और घर के कामों में भी हाथ बँटाते थे। परिवार के सदस्यों का आपसी प्रेम और सहयोग देखकर गाँव वाले उनकी मिसाल देते थे |

1. यह कहानी किसके बारे में हैं?

उत्तर--

2. किसान क्या चाहता था?

उत्तर--

3. "हाथ बँटाना" शब्द का क्या मतलब होता है?

उत्तर--

4. किसान अपने परिवार का पालन पोषण कैसे करता था?

उत्तर--

5. गाँव वाले किसान के परिवार की मिसाल क्यों देते होंगे?

उत्तर--

----

specimen- only for practice